आकाशवाणी
देहरादून (उत्तराखण्ड)
रविवार 19.04.2026
समय 1830

मुख्य समाचार :–

- यमुनोत्री और गंगोत्री धाम के कपाट खुलने के साथ ही चारधाम यात्रा का विधिवत शुभारंभ।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के विकास के लिए महिलाओं से राजनीति में अधिक संख्या में शामिल होने का आग्रह किया।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा– जुलाई माह से मदरसों में उत्तराखंड विद्यालय शिक्षा बोर्ड का पाठ्यक्रम लागू किया जाएगा।
- और.. मौसम विभाग ने प्रदेश के हिमालय क्षेत्रों में हल्की बारिश के साथ ही बर्फबारी की संभावना जताई।

....

गंगोत्री–यमुनोत्री के कपाट

अक्षय तृतीया पर यमुनोत्री और गंगोत्री धाम के कपाट आज मत्रोच्चारण और जय घोष के साथ श्रद्धालुओं के लिए खोल दिये गये हैं। इस दौरान हजारों श्रद्धालु कपाटोद्घाटन के साक्षी बने। यमुनोत्री धाम के कपाट दोपहर 12 बजकर 35 मिनट पर जबकि गंगोत्री धाम के कपाट 12 बजकर 15 मिनट पर श्रद्धालुओं के लिए खोले गये। इस मौके पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम से पहली पूजा संपन्न कराई। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने यात्रा को सुरक्षित और सुगम बनाने के लिए व्यापक व्यवस्थाएं की हैं। श्री धामी ने कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं पर विशेष ध्यान दिया गया है।

इससे पूर्व सुबह भैरव मंदिर से मां गंगा की डोली आर्मी के पाइप बैंड और पारंपरिक ढोल–दमाऊं के साथ गंगोत्री धाम पहुंची, जहां डोली का भव्य स्वागत किया गया।

प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि देश का विकास सुनिश्चित करने के लिए अधिक से अधिक महिलाओं को राजनीति में आना चाहिए। श्री मोदी ने आज पश्चिम बंगाल के बांकुड़ा जिले के बिष्णुपुर में एक जनसभा में आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस 2029 में महिला आरक्षण देने के लिए विधेयक को पारित करने से रोकने में कांग्रेस के साथ शामिल रही है।

प्रधानमंत्री ने आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस और कांग्रेस आदिवासी विरोधी हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति चुनाव के दौरान दोनों दलों ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के खिलाफ एक उम्मीदवार को खड़ा किया था।

चारधाम यात्रा

यमुनोत्री और गंगोत्री धाम के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खुलने के साथ ही प्रदेश में चारधाम यात्रा का शुभारंभ हो गया है। शासन–प्रशासन ने यात्रा को सुरक्षित और सुगम बनाने के लिए व्यापक व्यवस्थाएं की हैं। श्रद्धालुओं की सुरक्षा और स्वास्थ्य के लिए सुरक्षा और स्वास्थ्य कर्मियों की तैनाती की है। पुलिस प्रशासन ने गंगोत्री और यमुनोत्री धाम की यात्रा को दो सुपरजोन, 12 जोन और 30 सेक्टर में बांटकर सुपरजोनल, जोनल व सेक्टर पुलिस अधिकारियों की नियुक्त की है। वहीं स्वास्थ्य विभाग ने छह विशेषज्ञ चिकित्सकों की तैनाती की है।

मदरसा बोर्ड

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रदेश में जुलाई से मदरसों में उत्तराखंड विद्यालय शिक्षा बोर्ड का पाठ्यक्रम लागू हो जाएगा और मदरसा बोर्ड का पाठ्यक्रम नहीं चलेगा। हरिद्वार में स्वामी परमानंद महाराज के 71 वें सन्यास जयंती समारोह में मुख्यमंत्री ने कहा कि गंगोत्री धाम और यमुनोत्री धाम के कपाट खुलने के साथ ही चारधाम यात्रा का शुभारंभ हो चुका है। यात्रा को सुरक्षित, सुगम बनाने के लिए व्यापक तैयारियां की गई हैं। महिला आरक्षण पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने का फैसला लिया गया, लेकिन कुछ राजनीतिक दलों ने इसका विरोध कर अपनी संकीर्ण सोच को उजागर कर दिया है। उन्होंने कहा कि सरकार महिला सशक्तिकरण के लिए लगातार काम कर रही है।

बाबा केदार की डोली

22 अप्रैल से शुरू हो रही केदारनाथ यात्रा को सुचारु और सुरक्षित बनाने के लिए प्रशासन, पुलिस और मंदिर समिति सभी व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देने में जुटे हुए हैं। वहीं भगवान केदारनाथ की पंचमुखी चल उत्सव विग्रह डोली वैदिक मंत्रोच्चार, पूजा–अर्चना और परंपरागत रीति–रिवाजों के बीच आज सुबह शीतकालीन गद्दी स्थल ओंकारेश्वर मंदिर से धाम के लिए रवाना हुई। डोली कल सुबह फाटा से प्रस्थान कर रात्रि प्रवास के लिए गौरी माई मन्दिर गौरीकुंड पहुंचेगी और 21 अप्रैल को गौरीकुंड से केदारनाथ धाम पहुंचकर भण्डार गृह मे विराजमान होगी। 22 अप्रैल को शुभ मुहूर्त पर केदारनाथ धाम के कपाट श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिए जाएंगे।

वाहनों का संचालन प्रतिबंधित

चारधाम यात्रा को सुरक्षित और व्यवस्थित बनाने के लिए हाईवे पर रात को वाहनों का संचालन प्रतिबंधित रहेगा। इस दौरान सिर्फ ट्रक और अन्य भारी वाहन ही संचालित होंगे। चमोली के जिलाधिकारी गौरव कुमार ने बताया कि यात्री वाहन सुबह चार बजे से रात 10 बजे तक संचालित होंगे। रात दस बजे के बाद सुबह चार बजे तक किसी भी यात्री वाहन को जाने की अनुमति नहीं होगी। वहीं कर्णप्रयाग में सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी अभिषेक भटगाई ने बताया कि यात्रा मार्ग पर चलने वाले सभी व्यावसायिक और निजी वाहनों की सघन चेकिंग की जा रही है। चेकिंग के बाद ही वाहनों को ग्रीन कार्ड जारी किए जा रहे हैं।

मौसम

मौसम विज्ञान केद्र के अनुसार राज्य के चार हजार मीटर या उससे अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी हो सकती है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर एवं पिथौरागढ़ जिलों के लिए 'वॉच' अलर्ट जारी की है। इसके साथ ही देहरादून, टिहरी, उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर एवं पिथौरागढ़ जिलों में कहीं–कहीं बहुत हल्की से हल्की बारिश हो सकती है।